हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026

11 नेताजी का जीवन साहस, त्याग व राष्ट्रभक्ति…



12 दौंगड़ा अहीर में नर्सिंग कॉलेज खोलने का उनका…



# आरोप सिद्ध होते हैं तो मिले सजा, यदि आरोप झूठे पाए जाएं तो केंद्रीय मंत्री मांगें सार्वजनिक माफी!

**लाजिस्टिक हब में भ्रष्टाचार की जांच के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री की पसंद के अधिकारियों की एसआईटी का गठन किया जाए : डॉ. अभय यादव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

दिल्ली मुम्बई रेल फ्रेट कॉरिडोर पर नारनौल के नज़दीक बन रहे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब की ज़मीन की ख़रीद में भ्रष्टाचार होने का आरोप केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने लगाया था। उसके बाद ज़िले की राजनीति उफान पर है। केंद्रीय मंत्री के आरोपों के उपरांत उनके समर्थकों ने पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव पर लगातार लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों से मामला अधिक गर्म हो गया है। राव समर्थकों ने कई प्रेस वार्ताओं और चर्चाओं में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से डॉक्टर अभय सिंह पर निशाना साधा और अब कोरियावास मेडिकल कॉलेज की तर्ज़ पर ही बसीरपुर गांव में धरना प्रारंभ कर दिया। धरना स्थल पर अब भी प्रेस और मीडिया के माध्यम से डॉक्टर यादव पर आरोपों का सिलसिला लगातार जारी है। इन्हीं आरोपों के बीच शुक्रवार डा. अभय सिंह यादव का बयान आया है। उन्होंने इस विवाद के समाधान के लिए सुझाव देते हुए कहा कि लाजिस्टिक हब जमीन ख़रीद में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आरोप की जांच करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा तुरंत एक सीनियर आईपीएस और आइएएस अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की जाए। जिसमें कम से कम दो अधिकारी राव इंद्रजीत सिंह की पसंद के हो। इस तीन सदस्यीय एसआईटी में दो आईएएस और एक आईपीएस अफ़सर हो सकता है। इस एसआईटी को एक महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा जाए। उन्हें स्पष्ट कहा है कि उक्त रिपोर्ट में यदि उनके ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार का एक रुपया भी सिद्ध हो जाता है तो न केवल उनके ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार एक्ट अधिनियम में मामला दर्ज किया जाए अपितु वह उसी दिन राजनीति से भी दूर हट जाएंगे। परन्तु यदि इस रिपोर्ट में भ्रष्टाचार सिद्ध नहीं होता है तो राव इंद्रजीत सिंह को सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगनी होगी।

### किसी भी जमीन की रजिस्ट्री 12 लाख प्रति एकड़ थी नहीं



अंततः डॉक्टर अभय सिंह यादव ने इस मामले में चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि जहां तक लाजिस्टिक हब की ज़मीन ख़रीद का मामला है उस समय के उपलब्ध ज़मीन के भाव को देखते हुए अधिकतम राशि भूस्वामियों को दिलवाई गई थी। 30 लाख रुपये प्रति एकड़ जब किसानों को ज़मीन की यह क़ीमत दिलवाई गई थी उस समय घाटासेर, तलोट और बसीरपुर तीनों ही गावों में किसी भी गांव में ज़मीन की रजिस्ट्री 10-12 लाख रुपये प्रति एकड़ से ज़्यादा नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि यह ठीक है कि यह ज़मीन भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार नहीं ख़रीदी गई थी, अपितु सीधे किसानों की सहमति से ख़रीदी गई थी, परंतु इसकी क़ीमत उस समय उपलब्ध कलेक्ट्रर रेट के मुताबिक़ उक्त अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के लगभग बराबर थी और कुछ गांवों में तो उस गांव के कलेक्टर रेट को देखते हुए इस एक्ट के प्रावधानों से भी अधिक थी। जहां तक बसीरपुर गांव की बात है, साल 2016-2017 के कलेक्ट्रर रेट के मुताबिक़ आज भी किसी भूमि अधिग्रहण अधिकारी से गणना करवाकर देखी जाए तो उस समय के कलेक्ट्रर रेट से भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के प्रावधानों के मुताबिक़ भी यह राशि 30 लाख रुपये प्रति एकड़ से अधिक नहीं होगी। उदाहरण के रूप में 2019 में नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा लाजिस्टिक हब के लिए बनाए गए रोड के लिए शाहपुर अव्वल (मांदी), खानपुर एवं ताजीपुर गांवों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। उस समय केंद्र सरकार द्वारा उक्त अधिनियम के अनुसार दिए गए मुआवज़े की राशि उन गांवों में क्रमशः 34.93, 31.95 और 32.95 लाख रुपये प्रति एकड़ थी।

### 15 दिनों में इतनी प्रेसवार्ताएं, बार बार बोला जा रहा झूठ

जहां तक किसानों की सहमति की बात थी तो वह मात्र प्रोजेक्ट के लिए ज़मीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की सर्वे मात्र थी लेकिन वह किसानों पर किसी तरह की बाध्यता नहीं थी। इसलिए जब रजिस्ट्री करवाने की बात आई तो जिन्होंने सहमति दी थी उसमें से कई किसानों ने ज़मीन नहीं बेची थी। जिन किसानों ने ज़मीन दी, वह स्वेच्छा से अपनी ज़मीन की रजिस्ट्री तहसील में जाकर करवाकर आए थे। डॉक्टर अभय सिंह यादव ने कहा कि वास्तविकता यह है कि केंद्रीय मंत्री का लॉजिस्टिक हब की ज़मीन ख़रीदने में भ्रष्टाचार का आरोप बिना किसी सबूत के यह मात्र व्यक्तिगत राजनीतिक कुंठा का नतीजा था। जब एक बार आरोप लगा दिया तो अपने समर्थकों को उसको बार बार दोहराकर लोगों के दिल और दिमाग में ज़माने का प्रयास होने लगा। मात्र 15 दिन के अंतराल में एक दर्जन से अधिक प्रेस वार्ताएं और चर्चाएं इस आरोप को दोहराती रही और वह चुप रहे। फिर अंततोगत्वा धरना प्रारंभ हुआ। अब उसी झूठ को बार बार रोज़ाना बोला जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री आज करेंगी जनता से संवाद

**नारनौल।** हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव 24 जनवरी को जिले के महेंद्रगढ़ व कनीना ब्लॉक के विभिन्न गांवों में सार्वजनिक बैठक कर जनता से संवाद करेंगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 24 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रभु मैरिज प्लेस स्याना रोड नौताना, 10:30 बजे गांव पोता, 11 बजे स्पोर्ट्स ग्राउंड उच्चत, 11:30 बजे भैया पार्क सीहोर मोड छितरोली में सार्वजनिक बैठक कर जनता से संवाद करेंगी। 12 बजे पंचायत घर झगड़ोली व 12:30 बजे शहीद पार्क उन्हानी में सार्वजनिक बैठक कर जनता से संवाद करेंगी।

### जोगी नाथ समाज की बैठक कल

**नारनौल।** जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन की बैठक 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे गुरु गोरखनाथ मंदिर प्रांगण में होगी। जिसकी अध्यक्षता प्रधान प्यारेलाल करेंगे। सचिव नरेंद्र योगी ने बताया कि जो भी नए सदस्य बनना चाहते हैं, वह अपने उचित दस्तावेज के साथ मंदिर प्रांगण में बैठक में आकर अपनी सदस्यता ले सकते हैं।

### सड़कों पर गूंजी 'जय श्री राम' की धुन, जगतगुरु रामभद्राचार्य की एक झलक को बेताब दिखे श्रद्धालु

# भक्तिमय नारनौल, शोभायात्रा को देखने उमड़ा शहर

- आर्यवर्त सेवा न्यास की ओर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने रचा इतिहास, तोड़े पिछले सारे रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नारनौल शहर में धर्म, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम उस वक्त देखने को मिला जब शहर की सड़कों पर जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। पूरा शहर भगवा रंग में रंगा नजर आया। युवा से लेकर बुजुर्ग तक में ऐसा जोश और उमंग दिखी कि माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा में जगतगुरु रामभद्राचार्य, अयोध्या हनुमानगढी के महंत ज्ञानदास महाराज एवं जगतगुरु स्वामी वैदेही वल्लभदेवाचार्य महाराज, महंत संजय दास, महंत मुरलीदास, महंत हेमंत दास, महंत अंकित दास, राममोहन दास, महंत प्रियांशु तिवारी समेत कई बड़े संत शामिल। यह बड़े संत शोभायात्रा में विंटेज कारों पर सवार थे जो कि लोगों में प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे।

शोभायात्रा के अंतिम पड़ाव जोरासी पहुंचने पर श्रद्धालुओं को जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ।





**नारनौल।** कलशयात्रा में शामिल महिलाएं व यात्रा में शामिल हाथी। फोटो : हरिभूमि

### दक्षिणी हरियाणा की सबसे बड़ी कलशयात्रा

दक्षिणी हरियाणा की अब तक की सबसे बड़ी कलश यात्रा में 1100 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं का हुजूम शहर में हुड्डा स्थित चमत्कारी बालाजी मंदिर से श्रीश्याम मंदिर जौरासी मंदिर तक करीब 10 किलोमीटर तक पैदल चला जोकि देखने लायक था। वहीं सैकड़ों की संख्या में पुरुषों ने निशान हाथ में लिया हुआ था। श्रद्धालुओं की संख्या और अनुशासन ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।



**नारनौल।** शोभायात्रा में शामिल गाड़ी में सवार जगतगुरु रामभद्राचार्य।

### इनकी रही उपस्थिति

श्रीश्याम मंदिर जोरासी के मुख्य पुजारी कमलकांत, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी, रोहतास कुमार अग्रवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, गौ सेवक सुधीर चौधरी समेत कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल रहे।

### यह बड़े संत रहे शोभायात्रा में मौजूद

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष धर्म सम्राट महंत ज्ञान दास महाराज हनुमानगढ़ी अयोध्या, संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र संजय दास महाराज, निर्वाणी अखाड़ा के महंत महंत मुरलीदास महाराज एवं एनी के महामंत्री सत्यदेव दास, नंद रामदास महाराज, सार्वभौम रामानंदाचार्य प्रतिष्ठित तुलसी पीठ आदिश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज, पश्चिम पीठाधीश्वर शेष मठ सिंगडा कौशलेंद्र मठ पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी वैदेही वल्लभ देवाचार्य महाराज, जौधपुर एवं तीनों अनी अखाड़ा के पूर्व प्रधानमंत्री महंत माधव दास महाराज, पंजाब से महामंडलेश्वर रामदास महाराज, महंत सिद्धार्थ दास महाराज, अहमदाबाद, बलदेव दास महाराज, स्वामी सदानंद महाराज वृंदावन, महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति शिव शंकर मिश्र एवं प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार गर्ग, प्रोफ़ेसर रामनारायण दिवेदी, महामंत्री काशी विद्वत परिसर, प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार पांडे, कुलपति लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली।

### हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा



कलशयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से बरसते फूलों ने यात्रा को और भी दिव्य बना दिया। इस अद्भुत दृश्य को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। यात्रा में हर वर्ग की सहभागिता देखने को मिली। युवा हाथों में भगवा ध्वज लिए उत्साह से लबरेज नजर आए, वहीं बुजुर्गों की आंखों में आस्था और गर्व साफ झलक रहा था। बच्चों में भी यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। वही जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर साधु संतों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वही जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के लिए खान एवं पीने का भी प्रबंध किया था।

### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

*यात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस व जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। यातायात, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं। प्रमुख समाजसेवी विनीत पिलानिया भी परिवार सहित कलश यात्रा में मुख्य रूप से शामिल हुए। आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी धार्मिक यात्राएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और एकता का संदेश देती हैं।*

# विजय नगर में मेघवाल जाति के दूल्हे को घोड़ी पर बैठने पर विवाद, पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली से सटे राजस्थान के बहरोड-कोटपूतली जिले के गांव विजय नगर में मेघवाल जाति के लड़के को घोड़ी पर बैठाकर निकासी निकालने पर दो जातियों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। अनुसूचित परिवार द्वारा घोड़ी पर नहीं बैठने को लेकर मांढ़ण थाना में शिकायत दी तो पुलिस ने आपसी विवाद मामला दर्ज कर लिया। हालांकि पुलिस की तैनाती भी की गई।

विजय नगर निवासी मनोज कुमार पुत्र किशन लाल ने बताया कि वह मेघवाल जाति से संबंध रखता है। उसका विवाह 23 जनवरी को महेंद्रगढ़ जिला के गांव बलाना में संपन्न हुआ है। उसके बड़े भाई सुरेंद्र ने दो दिन पहले घोड़ी पर बैठाकर बनवारा दिया था। गांव के एक राजपूत व्यक्ति ने छोटी मानसिकता का परिचय देते हुए दूल्हे को घोड़ी से उतार दिया और विवाद पैदा कर दिया।

उनके गांव में पुरानी परंपरा है कि अनुसूचित जाति के परिवार को घोड़ी पर निकासी नहीं निकालने दी जाती है। अगर कोई एससी युवा घोड़ी पर बैठकर निकासी या बनवारा निकालता है तो कुछ राजपूत बिरादरी के लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। मांढ़ण थाना प्रभारी ने बताया कि मेघवाल जाति के दूल्हे का निकासी व बनवारा अगर परिवार घोड़ी पर निकलना चाहेगा तो निकाला जाएगा।



**मंडी अटेली।** दूल्हे को घोड़ी पर बैठाने वाला तनावग्रस्त परिवार। फोटो : हरिभूमि

### बाथरूम में नहाने गई 51 वर्षीय महिला की मौत

**नारनौल।** सिंघाना रोड स्थित मोहल्ला केशव नगर गली नंबर एक में विवाहिता की प्रातःकाल को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के बयान पर आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया गया। इस संदर्भ में एएसआई अजीत सिंह ने बताया कि प्रातःकाल का केशव नगर में करीब 51 वर्षीय डिंपल सिंघल पत्नी मुकेश कुमार सिंघल की उस समय अचानक मौत हो गई, जब वह बाथरूम में नहाने गई। उन्होंने बताया कि अचानक यह घटना होने पर परिजना महिला को एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिर परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही। इस पर सिटी पुलिस की ओर से कार्रवाई करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया गया। एएसआई अजीत सिंह ने बताया कि मृतका के विसरा सैंपल जांच के लिए भेज दिए गए हैं। यह रिपोर्ट आने के बाद परिजनों को अवगत करा दिया जाएगा।

### अलसुबह करीब 3 बजे से रुक-रुककर हुई बारिश, बढ़ेगी ठंड

# मावठ से खिले किसानों के चेहरे, फसलों को होगा फायदा

**एक बार फिर से बढ़ेगी सर्दी, मौसम में आएगा बदलाव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिले में शुक्रवार अलसुबह पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ तौर पर देखने को मिला। क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश व बूंदाबांदी के साथ 15-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। वही बारिश के बाद आने वाले दिनों में हाड़कंपा देने वाली ठंड के सभी रूप शीतलहर, शीत दिवस व हल्के से सघन कोहरा देखने को मिलेगा।

वीरवार को को एक मध्यम श्रेणी का सशक्त पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से उत्तरी पर्वतीय इलाकों में भारी बर्फबारी देखने को मिली। वही मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिला महेंद्रगढ़ में अलसुबह से हल्की से मध्यम बारिश व बूंदाबांदी हुई। बता दें कि इस साल दिसंबर महीना बिल्कुल शुष्क बना रहा और जनवरी महीने की शुरुआत में बूंदाबांदी हुई। इसके बाद लगातार सूखी ठंड का सिलसिला देखने को मिला। शुक्रवार को हुई मावठ से किसानों के चेहरे खिल उठे, क्योंकि यह मावठ फसलों के लिए अमृत तुल्य साबित होगी।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि 24 से 26 जनवरी को सघन कोहरा देखने को मिलेगा। जिससे कोल्ड डे, शीत दिवस की स्थिति के साथ रात्रि व दिन के तापमान में भारी गिरावट देखने को मिलेगी। यानी हाड़कंपा देने वाली ठंड का तिहरा अटैक देखने को मिलेगा और ठंड का सिलसिला जारी रहेगा। 26 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक बार फिर से 26 व 27 जनवरी को मौसम में बदलाव व तापमान में उतार चढ़ाव की सम्भावना बन रही है। जिले में अलसुबह से गरज चमक के साथ 15-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली और हल्की बारिश व बूंदाबांदी हुई। जिससे दिन व रात के तापमान सामान्य से नीचे आ गए। जिला में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन तथा रात का तापमान क्रमशः 16.7, 6.5 डिग्री सेल्सियस तथा 17.7 व 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**नारनौल।** बारिश के दौरान खेत में लहलहाती सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### जिले में कहां कितनी बारिश

*जिला महेंद्रगढ़ में सबसे अधिक बारिश अटेली में 9 एमएम हुई, जबकि सबसे कम कनीना में चार एमएम बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा नारनौल में 8.5 एमएम, महेंद्रगढ़ में 8.5 एमएम, नांगल चौधरी में 5.0 एमएम व सतनाली में 7.5 एमएम बारिश हुई।*

एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल
कैंसर के इलाज में आपका भरोसेमंद साथी
NABH मान्यता प्राप्त
कैंसर की पूरी जांच और इलाज, अब आपके पास
ESIC लाभार्थियों के लिए अच्छी खबर!
एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल अब ESIC के पैनल में शामिल
कुंडली, सोनीपत में आधुनिक और सम्पूर्ण कैंसर सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
अस्पताल निम्न पैनलों में भी शामिल है:
CGHS, CRPF, CISF, SSB, ITBP, BSF, NSG,
दिल्ली पुलिस, तथा प्रमुख बीमा कंपनियाँ और टीपीए



संपर्क करें 9138111625
सुशांत सिटी, कुंडली, रसोई गाँव के पास, सोनीपत
www.andromedahospital.in
Scan the code to open the Google Map

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। नेताजी के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यादव धर्मशाला में नेताजी की जयंती मनाई

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला में युवा इंकलाब संगठन एवं धर्मसेना के संयुक्त सौजन्य से महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में युवा इंकलाब संगठन अध्यक्ष कुलदीप सूरजनवास मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धर्मसेना जिला अध्यक्ष देवेंद्र रिवासा, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्रगढ़ नरेंद्र आकोदा, अमरजीत रिवासा, विकास गोस्वामी, जितेंद्र डागर, सुखबीर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वहीं युवा इंकलाब संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सुरजनवास ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।


कनीना। नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते महंत रामनिवास व अन्य।

### कनीना में श्रद्धापूर्वक याद किए गए नेताजी

**कनीना।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब की ओर से शुक्रवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व बाबा मोलड़नाथ आश्रम के महंत रामनिवास ने गणमान्य जनों के साथ नेताजी की आदम कद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद वे खेल मैदान पहुंचे, जहां खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। महंत रामनिवास ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रांतिकारी नेता थे, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारत की स्वतंत्रता के लिए ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इस मौके पर नपा के वाइस चेयरमैन सूबेसिंह, विजय सिंह चेयरमैन, सूबेदार सतपाल सिंह आदि मौजूद थे।


मंडी अटेली। चंदपुरा में सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए।

### चंदपुरा में मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**मंडी अटेली।** महिला सांस्कृतिक संगठन व आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन की ओर से आजादी आंदोलन के गैर–समझौतावादी धारा के महान योद्धा व महान-स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती की पूर्व संध्या पर अटेली क्षेत्र के गांव चंदपुरा के कामरेड अमर सिंह ढ़ाणी में कैप्टन वेदप्रकाश की अध्यक्षता में सभा हुई। इस मौके सर्वप्रथम नेताजी सुभाष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर बच्चों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने चाव से भाग लिया।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शहीद परिवारों का सम्मान समारोह आयोजित

# नेताजी का जीवन साहस, त्याग व राष्ट्रभक्ति का प्रतीकः एडीसी

**तरुण कुमार ने आईएमए परिवारों को किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से व राव जयमल सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से नांगल चौधरी यादव सभा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का भव्य आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एडीसी ने कहा कि नेताजी का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से नेताजी के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

माय भारत के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने कहा कि माय भारत मंच के माध्यम से युवाओं को महान स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों से जोड़कर उनमें राष्ट्र सेवा की भावना विकसित की जा रही है। राव जयमल सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नरेश यादव ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और बलिदान की जीवंत मिसाल थे।

उन्होंने कहा कि नेताजी के विचार आज भी युवाओं को देश के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। यादव सभा के अध्यक्ष कर्मपाल यादव ने आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यादव सभा सदैव स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति को जीवित रखने और राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मंच संचालन रिंकू यादव ने किया।


नारनौलन। स्वतंत्रता सेनानियों व पूर्व सैनिकों के परिवारों को सम्मानित करते एडीसी तरुण कुमार।

इस अवसर पर आईएमए से जुड़े स्वतंत्रता सेनानियों एवं पूर्व सैनिकों के 10 परिवारों को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया और समाज में उनके त्याग तथा योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों के साथ हुआ तथा उपस्थित जनसमूह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलकर सशक्त व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

### कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य से विचलित नहीं होना सिखाते हैं बोसः संतोष

**नारनौल।** संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर में भारत के महान क्रांतिकारी, अद्वितीय राष्ट्रनायक एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। पूरे संस्थान परिसर में राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा की पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उनके साथ पूर्व कप्तान जगराम आर्य एवं जयप्रकाश कौशिक विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल डॉ. आरएन यादव ने किया। स्वागत संबोधन में संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. आरएन यादव ने संबोधित किया। कार्यक्रम को पूर्व कप्तान जगराम आर्य ने भी संबोधित किया, वहीं जयप्रकाश कौशिक ने नेताजी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग साझा किये। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया।


नारनौल। नेताजी सुभाष को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षक ट्रस्ट ने किया श्रीराम मंदिर स्थापना वर्षगांठ पर कार्यक्रम

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सौजन्य से सुभाष पार्क में सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या व श्रीराम मंदिर की स्थापना की वर्षगांठ के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्टी नरोतम सोनी व अजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नगर के विभिन्न गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों व सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष दुलीचंद शर्मा व नेत्रहीन कन्या विद्यालय से मुखराम सैनी मुख्य अतिथि थे। विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, मार्केट कमेटी के पूर्व सचिव मुरारीलाल शर्मा थसे। अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने की। रामसिंह मधुर व डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने मधुर और मार्मिक भजनों से उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया। पवन अरोड़ा व शिक्षक शिवहरी ओम ने श्रीराम कीर्तन प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल बनाया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि सुभाष जयंती, श्रीराम मंदिर की स्थापना, बसंत पंचमी व सर छोटूराम जयंती के इस पावन संयोग को यादगार बनाने का ट्रस्ट ने भरपूर प्रयास किया। संगोष्ठी में पूर्व अधिकारी विपिन शर्मा, शिक्षक अमीचंद सैनी, मुखराम सैनी, दुलीचंद शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अद्भुत योगदान पर प्रकाश डाला।


नारनौल। नेताजी की फोटो पर पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल।

### आईटीआई में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की फोटो पर पुष्प अर्पित कर की। प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कि भारत सरकार द्वारा इस गौरवशाली दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जो नेताजी के अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को समर्पित है। संस्था के युवा मामलों के नोडल अधिकारी मेजर वीरेंद्र कुमार सेकवाल ने बताया कि नेताजी का जीवन अनुशासन और बलिदान का प्रतीक है। इस मौके पर संस्थान के उप प्रधानाचार्य जीवन जिंदल, कार्यालय अधीक्षक सत्यनारायण जांगड़ा, बाबा खेतानाथ कॉलेज से अविनाश यादव, राजकीय कॉलेज कृष्णा नगर से सुभाष जोली, वर्ग अनुदेशक सुनील कोसलिया, वर्ग अनुदेशक राजेश, अनुदेशक प्रीतम, सौरभ, रविंद्र, नीरज व शक्ति सिंह सहित मौजूद थे।


नारनौल। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नेताजी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

**नारनौल।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन की ओर से देश के आजादी आन्दोलन की गैर समझौतावादी धारा के महानायक व महान क्रान्तिकारी योद्धा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। एआईडीवाईओ के जिला संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि आजादी आन्दोलन के महान योद्धा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हमेशा जनता के दिलों में जिंदा रहेंगे। इस मौके पर मास्टर बिजेंद्र सिंह, रिटायर्ड सूबेदार धर्मपाल, कृष्णा देवी, मास्टर सुबेसिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, भीमसेन आदि उपस्थित थे।


मंडी अटेली। गुजरवास में तिरंगा रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गुजरवास में तिरंगा रैली निकाली

**मंडी अटेली।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में देशभक्ति कार्यक्रमों एवं तिरंगा रैलियों का आयोजन हुआ। अटेली क्षेत्र के गांव गुजरवास में सरपंच वर्षा रानी की अध्यक्षता में सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई तथा श्रीराम सेवा ट्रस्ट प्रधान ओपी चौहान व नेवी ऑफिसर मदन सिंह के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें गांव के सैंकड़ों पुरुष, महिलाओं वो बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक कर्ण सिंह चौहान ने बताया कि नेताजी सुभाष जयंती पर आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में अंडर 10 आयु वर्ग में पीयूष प्रथम, ऋषभ द्वितीय, संजय तृतीय तथा लड़कियों में साक्षी, तमन्ना व परी ने जीत हासिल की।

## भारतीय सनातन परंपरा की धरोहर है योगः महंत बाबा बचनाई नाथ

**व्यायामशाला सतनाली में नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर व सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में व्यायामशाला सतनाली में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर व सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महंत बाबा बचनाई नाथ महाराज ने शिरकत की। महंत बाबा बचनाई नाथ महाराज ने कहा कि योग भारतीय सनातन परंपरा की धरोहर है। योग न केवल शरीर सौष्ठव व मानसिक मजबूती प्रदान करता है, अपितु आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी प्रदान करता है। आयुर्वेद एवं योग दोनों ही प्रकृति एवं वेदों का मानवता के लिए बड़ा वरदान हैं। इसलिए हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए व अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाते हुए रोगों से बचते हुए स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से स्वस्थ रहकर मानव जीवन को सफल बनाना चाहिए।

इस अवसर पर पंचायत समिति अध्यक्ष मोनिका देवी ने कहा कि भारतीय परंपरा में मनाया जाने वाला बसंत पंचमी त्योहार प्रकृति प्रदत्त बहुत बड़ा वरदान है, जो हमें बुद्धिए विद्या एवं केसरिया धरती के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा, प्रसन्नता एवं आनन्द प्रदान करता है। पतंजलि परिवार तहसील प्रभारी गीता देवी ने कहा कि हम आज जो खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं उसका श्रेय नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे हमारे क्रांतिकारी बलिदानियों को जाता है, जिन्होंने भारत माता की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ.


नारनौल। कार्यक्रम का शुभारंभ करते महंत बाबा बचनाई नाथ।

सतीश कुमार ने बताया कि आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशि बाला के नेतृत्व में 12 जनवरी से आरंभ होकर 12 फरवरी तक चलने वाले सूर्य नमस्कार अभियान के माध्यम से आमजन को बीमारियों से दूर रखने का लक्ष्य रखा है। जिसके माध्यम से स्कूलों व गांवों में आयुष योग सहायक एवं योग प्रशिक्षक जन जन को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविर में जोड़ों का दर्द, दमा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कमर दर्द एवं अन्य सभी बीमारियों की जांच करके इलाज किया गया। शिविर में 220 रोगियों का इलाज किया गया। इस मौके पर डॉ. सुमन, डॉ. इंदु बाला, डॉ. नवीन, डॉ. रमेश, डॉ. पूजा, डॉ. पुष्पा, डॉ. अर्चना सिंह, धर्मबीर, वीरपाल, अमित कुमारए फार्मासिस्ट व सभी आयुष योग सहायक उपस्थित थे।


महेंद्रगढ़। नेताजी के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**महेंद्रगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस पर गांव मालड़ा स्थिति राव रामप्रसाद धर्मशाला में ग्रामीणों द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि व्योवृद्ध संपतराम व अध्यक्षता पूर्व थानेदार बहादुर सिंह ने की। ग्रामीणों सुबेदार श्यामलाल, सुबेदार गजराज सिंह, शिक्षाविद इंद्राज, प्रवक्ता जयप्रकाश यादव, कर्मचारी नेता सुजान मालड़ा, शीशराम आचार्य, कृष्ण मास्टर, आम आदमी पार्टी साउथ हरियाणा की पूर्व संयुक्त सचिव पंकज बाला मालड़ा, रामकिशन, श्रीभगवान, राधेश्याम, सुरेंद्र सिंह, ज्योति, शिवम व अन्य बच्चों ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## सिंघानिया विवि के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सिंघानिया विश्वविद्यालय एवं नर्मदा देवी सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सिंघानिया विश्वविद्यालय के बीए एलएलबी (ऑनर्स) पाठ्यक्रम के छात्र जयिंदर भारद्वाज ने ऑल इंडिया इंटर एसएआई कुश्ती प्रतियोगिता 2026 में 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

यह प्रतियोगिता भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तर क्षेत्रीय केंद्र (नॉर्थ रीजनल सेंटर) लखनऊ में आयोजित की गई। उनकी यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल भावना का प्रतीक है। इसी क्रम में नर्मदा देवी सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र पवन सिंह शेखावत ने जम्मू एवं कश्मीर में आयोजित सातवीं राष्ट्रीय क्वान-की-डो चैम्पियनशिप 2026 में कांस्य पदक जीता।


महेंद्रगढ़। ट्रॉफी के साथ विश्वविद्यालय का छात्र।

उनकी यह सफलता विद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सर्वांगीण विकास को दिए जा रहे महत्व को दर्शाती है। सिंघानिया विश्वविद्यालय एवं नर्मदा देवी सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल का प्रबंधन, संकाय सदस्य एवं समस्त छात्र-छात्राएं इन दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना की।

इन उपलब्धियों के माध्यम से यह स्पष्ट है कि सिंघानिया शिक्षा समूह खेलों के क्षेत्र में भी सशक्त रूप से आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी खेल प्रोत्साहन की कड़ी में सिंघानिया विश्वविद्यालय तीन से पांच फरवरी को नेशनल पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन कप 2026 सह चयन ट्रायल का आयोजन करने जा रहा है, जो द्वितीय एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप (मलेशिया, अप्रैल 2026) के लिए चयन प्रक्रिया का हिस्सा होगा।

### जीनियस एकेडमी में मनाया पराक्रम दिवस

**महेंद्रगढ़।** जीनियस एकेडमी के परिसर में नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए उन्हे याद किया गया। एकेडमी के निर्देशक अमित यादव ने कहा कि नेता जी के जन्मदिन को देश में पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भारत की स्वतंत्रता में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का अहम योगदान रहा था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजो का डटकर सामना किया तथा उन्हे वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। नेता जी ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से 1943 को आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया था। रंगून रेडियो स्टेशन से सुभाष चंद्र बोस ने गांधी को पहली बार राष्ट्रपिता कहा। इस अवसर पर दिलेर सिंह, देवेंद्र, सतीश, दीपक, सोमवीर, प्रवीन, सोनू, राधिका, सुरेन्द्र, पुनम उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। नेता जी के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि


महेंद्रगढ़। मां सरस्वती की पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### श्री ओम साईंराम स्कूल में मनाया बसंत पंचमी पर्व

**महेंद्रगढ़।** मौदाश्रम मंदिर के सामने मोहल्ला जवाहरनगर में स्थित श्री ओम साईंराम एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय मैनेजमेंट के समस्त पदाधिकारियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की गई। चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि इस दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था, इसलिए यह पर्व छात्रों, शिक्षको और कलाकारों के लिए विशेष महत्व रखता है। मौके पर विद्यालय संस्थापक शेरसिंह सैनी, प्राचार्या ज्योति शर्मा, बचपन हेड रूपाली अरोड़ा, उप प्राचार्या मोनिका दीवान, प्रवक्ता अमरसिंह, पूनम गोस्वामी आदि मौजूद रहे।


नारनौल। विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

नारनौल। श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने विज्ञान, पर्यावरण, तकनीक व नवाचार से जुड़ी विविध परियोजनाएं प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का शानदार प्रदर्शन किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रदर्शनी का शुभारंभ कर सभी प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान के 46 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जो उनकी रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच का प्रमाण है। स्कूल प्राचार्य वेदपाल यादव ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विज्ञान को जीवन से जोड़ना और छात्रों को भविष्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण करना है। चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने कहा कि विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए हमें अपने युवाओं को प्रोत्साहित करना होगा।

## स्व. मास्टर भगवान सिंह की जयंती पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले स्वर्गीय मास्टर भगवान सिंह की 93वीं जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी पुत्री हरियाणा विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष संतोष यादव ने उन्हें एक दूरदर्शी शिक्षक, समाज सुधारक व शिक्षा प्रेरक व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज के शैक्षिक उत्थान को समर्पित रहा। संतोष यादव ने कहा कि स्व. मास्टर भगवान सिंह ने शिक्षा को केवल नौकरी या पाठ्यक्रम तक सीमित न मानकर इसे सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने, निर्धन व वंचित वर्ग के बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


नारनौल। स्व. मास्टर भगवान सिंह को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इस पावन अवसर पर पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव व उनके भाई अनिल यादव ने 51000-51000 रुपये गांव के मंदिर में दान स्वरूप प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्व. मास्टर भगवान सिंह का मानना था कि शिक्षा ही समाज को अज्ञानता, कुरीतियों और पिछड़ेपन से मुक्त कर सकती है। इसी सोच के साथ उन्होंने कई पीढ़ियों को न केवल शिक्षित किया, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक बनने की दिशा भी दी। संतोष यादव ने बताया कि उनके पिता ने शिक्षक होने के साथ-साथ समाजसेवी के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किए। सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे व जरूरतमंदों की सहायता उनके जीवन के मूल सिद्धांत रहे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्व. मास्टर भगवान सिंह के विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा को अपना सबसे मजबूत हथियार बनाएं और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शिक्षाविदों, समाजसेवियों, परिवारजनों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने स्व. मास्टर भगवान सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर रोहताश, अनिल यादव, डॉ. दिव्यांशी, राव होशियार सिंह, गुगन गुलावला, जगदेव चेयरमैन, सत्यदेव, डॉ. रामनिवास यादव, बिल्लु चेयरमैन, राजकुमार पूर्व चेयरमैन, संदीप खोश्या, धर्मपाल सरपंच, रोहतास बड़गांव, मोतीलाल, सुनील प्राचार्य, रत्तन यादव, अशोक हुडीना, युधिष्ठिर, दिनेश आदि उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। मां सरस्वती की पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विजय स्कूल में मनाया बसंत पंचमी का पर्व

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था, जिससे वातावरण में उल्लास और भक्ति का माहौल बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय संरक्षक महेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने बच्चों को बसंत पंचमी पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा, ज्ञान, संस्कार और सृजनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।

